## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने 'माई की रसोई' में बांटा खिचड़ी प्रसाद



**मैहर।** विंध्य के कद्दावर नेता और मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने साल के पहले दिन (1 जनवरी) मैहर पहुँचकर मां शारदा के चरणों में मत्था टेका। उन्होंने माता रानी की पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि व खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। दर्शन पूजन के उपरांत उप मुख्यमंत्री 'माई की रसोई' पहुंचे। यहाँ उन्होंने सेवा भाव का परिचय देते हुए स्वयं अपने हाथों से दर्शनार्थियों को खिचड़ी प्रसाद बांटा और उन्हें भोजन कराया। इस अवसर पर श्री शुक्ल ने कहा माई की रसोई में सेवा करना एक अद्भुत अनुभव है। ऐसे सेवा कार्यों से न केवल मानसिक शांति मिलती है,बल्कि संतोष का भाव भी पैदा होता है। रसोई के संचालक धीरज पाण्डेय ने उपमुख्यमंत्री को माई की चुनरी ओढ़ाकर उनका आत्मीय स्वागत किया। साथ ही,उन्हें स्मृति स्वरूप श्री हनुमान जी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया।

### हमारी विकास यात्रा निरंतर जारी:पवन अहलूवालिया



**सतना।** केजेएस सीमेंट मैहर में नववर्ष समारोह उल्लासपूर्वक मनाया गया। नववर्ष का पहला दिन केजेएस कंपनी के चेयरमैन पवन अहलूवालिया ने श्रमिकों के बीच रहकर मनाया। इस अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित श्रमिकों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए चेयरमैन पवन अहलूवालिया ने कहा कि आपसब की मेहनत और समर्पण ने ही हमें यहां तक पहुंचाया है और हमारी विकास यात्रा निरंतर जारी है।नए वर्ष में भी हम सब का एक ही लक्ष्य है-गुणवत्ता के साथ सौ फीसदी उत्पादन। श्री अहलूवालिया ने कहा कि मैं अपने मूल मंत्र को सदैव दोहराता हूं और वह यह है कि कोई भी योगदान छोटा नहीं और कोई भी लक्ष्य बड़ा नहीं। चेयरमैन श्री अहलूवालिया ने लगभग पूरा दिन मजदूरों के साथ बिताया। एक-एक मजदूर से हाथ मिलाकर उसे नववर्ष की बधाई दी। सामान्य मजदूरों के साथ लाइन में लगकर पवन अहलूवालिया ने काउंटर से अपना चाय-नाश्ता लिया। उधर,आवासीय परिसर में नववर्ष का जश्न फैक्ट्री अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने परिवारजनों के साथ मिलकर मनाया। यहां आर्केस्ट्रा,नृत्यगान और सुस्वादु भोजन का इंतजाम था। समारोह रात 12 बजे चरम पर पहुंचा जब कार्यकारी निदेशक कर्नल रिटायर्ड नीरज वर्मा ने केक काटकर नए साल का उद्घोष किया और सबको हैप्पी न्यू ईयर की बधाई दी।

### अमानक दही एवं पनीर बेचने पर जुर्माना

**कटनी।** जिले में मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही का सिलसिला सतत रूप से जारी है। जिसमें प्रतिष्ठानों को सील करने, लाइसेंस व पंजीयन निलंबित करने सहित दांडिक कार्यवाही निरंतर जारी की जा रही है। इसी क्रम मे न्याय निर्णायक अधिकारी व अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी नीलांबर मिश्रा ने अमानक दही व पनीर के विक्रय व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये प्रतिष्ठान संचालक पर 15 हजार रुपये का आर्थिक दण्ड लगाया गया है। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश में कार्यवाही करते हुए राहुल ठाकुर पिता मौजी ठाकुर फर्म श्री साईं दूध डेयरी स्लीमनाबाद निवासी ग्राम छपरा थाना स्लीमनाबाद को अमानक एवं मिथ्याछाप दही एवं पनीर का संग्रहण एवं विक्रय करने पर 15 हजार रूपये के आर्थिक दंड से दंडित किया गया है।

# कर्ज से मुक्ति पाने के लिए पत्नी को पिलाया फिनाइल, आरोपी पति गिरफ्तार

**सतना।** जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ बगहा इलाके में एक युवक ने बैंक के 35 लाख रुपए के कर्ज से बचने के लिए अपनी ही पत्नी की हत्या का प्रयास किया। आरोपी ने पत्नी को जबरन फिनाइल की गोलियां घोलकर पिला दीं,ताकि उसकी मौत के बाद फर्म का कर्ज माफ हो जाए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### 35 लाख का कर्ज और मौत का खौफनाक प्लान

पीड़िता पूर्णिमा त्रिपाठी ने पुलिस को बताया कि उनके पति अनुराग सोहन त्रिपाठी ने उनके नाम पर "रुद्रा इंटरप्राइजेज" नाम की एक सर्जिकल सामग्री की फर्म पंजीकृत कराई थी। इसी फर्म के नाम पर भारतीय स्टेट बैंक से 35 लाख रुपए का लोन लिया गया था। पीड़िता का आरोप है कि लोन की पूरी राशि का उपयोग उसके पति ने किया,लेकिन कागजों पर जिम्मेदारी पत्नी की थी। आरोपी अनुराग को लगा कि यदि उसकी पत्नी की मृत्यु हो जाती है,तो बैंक का यह भारी-भरकम कर्ज माफ हो जाएगा। इसी सनक में उसने वारदात को अंजाम दिया।

### दो दिनों तक चला प्रताड़ना का सिलसिला

घटनाक्रम की शुरुआत 28 दिसंबर की रात से हुई। 28 दिसंबर अनुराग शराब के नशे में घर पहुँचा और पूर्णिमा के साथ गाली-गलौज करते हुए जमकर मारपीट की। इस हमले में पूर्णिमा के चेहरे और मुँह पर गंभीर चोटें आईं। 29 दिसंबर सुबह करीब 10:30 बजे आरोपी ने फिर विवाद शुरू किया। इस बार उसने बाथरूम से फिनाइल की गोलियां निकालीं,उन्हें पीसा और पानी में घोलकर पूर्णिमा को जबरन पिला दिया। पीड़िता के अनुसार, फिनाइल पिलाते समय आरोपी ने कहा, तेरे मरने के बाद मेरा 35 लाख का लोन माफ हो जाएगा।

### अस्पताल में संघर्ष और पुलिस कार्रवाई

फिनाइल पीने के बाद पूर्णिमा की हालत बिगड़ने लगी और उन्हें लगातार उल्टियां होने लगीं। किसी तरह होश आने पर उन्होंने अपने पिता को फोन कर जानकारी दी। मायके पक्ष के लोग तुरंत मौके पर पहुँचे और उन्हें बिरला अस्पताल में भर्ती कराया। पूर्णिमा 1 जनवरी तक अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझती रहीं। छुट्टी मिलने के बाद उन्होंने परिजनों के साथ सिविल लाइन थाने पहुँचकर आपबीती सुनाई और सबूत के तौर पर मारपीट की पुरानी तस्वीरें भी पुलिस को सौंपी।

### शादी के बाद से ही मिल रही थी प्रताड़ना

पीड़िता के पिता राजकुमार पांडेय ने बताया कि उनकी बेटी की शादी जून 2020 में हुई थी। शादी के महज तीन महीने बाद से ही दामाद अनुराग का व्यवहार हिंसक हो गया था। इस संबंध में पहले भी जसो थाने में शिकायत की गई थी,लेकिन सामाजिक दबाव के कारण समझौता हो गया था। दंपति का एक साढ़े तीन साल का बेटा भी है।

### मामला दर्ज-

पीड़िता की शिकायत और मेडिकल रिपोर्ट के



आधार पर आरोपी पति अनुराग त्रिपाठी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(2) के तहत हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

**पुलिस विभाग,सिविल लाइन थाना**

# सतना स्टेशन पर माघ मेला श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम: कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए अलाव और रैन बसेरों की व्यवस्था

**सतना।** पश्चिम मध्य रेलवे के सतना जंक्शन पर प्रयागराज के माघ मेले में जाने वाले यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। शनिवार से प्रयागराज में माघ मेले का प्रथम स्नान प्रारंभ होने जा रहा है,जिसे देखते हुए रेलवे प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

### ठंड से बचाव के लिए 'आश्रय स्थल' और अलाव

सतना स्टेशन प्रबंधक मतीन के अनुसार,श्रद्धालुओं को शीतलहर से बचाने के लिए आरपीएफ थाने के सामने एक बड़ा टेंट (आश्रय स्थल) लगाया गया है। इसमें यात्रियों के बैठने और रुकने के लिए कालीन (कारपेट) बिछाए गए हैं। यात्रियों को ठंड से राहत देने के लिए अलाव का इंतजाम किया जा रहा है। इसके लिए नगर निगम से लकड़ी उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है,यदि



वहां से व्यवस्था नहीं होती है,तो रेल विभाग अपने संसाधनों से अलाव जलाएगा।

### पूछताछ केंद्र और चिकित्सा सुविधा

आश्रय स्थल पर ही यात्रियों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यात्रियों को गाडियों की सही जानकारी देने के लिए अलग से पूछताछ केंद्र और एनाउंसमेंट सिस्टम लगाया गया है। अचानक बीमार होने वाले यात्रियों के लिए आपातकालीन चिकित्सा शिविर लगाया गया है। स्टेशन प्रबंधक ने बताया कि इसके लिए बिरला अस्पताल के डॉक्टरों से भी समन्वय किया गया है।

### तीन शहरों से पहुंची आरपीएफ की टीमें

आरपीएफ प्रभारी वीरेन्द्र यादव ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सतना जंक्शन पर सुरक्षा बल बढ़ा दिया गया है।

### दो दर्जन से अधिक जवान

भोपाल,कोटा और जबलपुर से आरपीएफ की विशेष टीमें सतना पहुंच चुकी हैं। ये जवान पूरे मेला सीजन तक यहीं तैनात रहेंगे। वे विशेष रूप से दिव्यांग,वृद्ध और महिला यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने-उतरने में मदद करेंगे। सुरक्षा बल के जवान आश्रय स्थल में यात्रियों के सामान की सुरक्षा करेंगे और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखेंगे।

# नए साल पर ट्रैफिक पुलिस सख्त अभियान चलाकर वसूला जुर्माना

**सतना।** नए साल के अवसर पर शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के मार्गदर्शन और डीएसपी संजय खरे के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस की टीमें शहर के विभिन्न इलाकों में सघन चेकिंग अभियान चला रही हैं। यातायात थाने से मिली जानकारी के अनुसार,सूबेदार पूनम रावत के नेतृत्व में बगाहा बाईपास पर सुबह से दोपहर तक चेकिंग पॉइंट लगाया गया। इस दौरान दोपहिया और चार पहिया वाहनों के लाइसेंस,इंश्योरेंस और टैक्स आदि के दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई।

### हेलमेट और सीट बेल्ट

दोपहिया चालकों के लिए हेलमेट और चार पहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट की अनिवार्यता की जांच की गई। वाहन के वैध कागजात साथ रखने की हिदायत दी गई। चालकों को नशे में वाहन न चलाने,मोबाइल का प्रयोग न करने और नो-पार्किंग में वाहन खड़ा न करने की समझाइश दी गई। दोपहिया वाहन पर तीन सवारी (ट्रिपल राइडिंग) न बैठाने के लिए जागरूक किया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले 12 वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने कुल 5900 रुपये शमन शुल्क वसूल कर सरकारी खजाने में जमा कराया। मुंशी हरीश मिश्रा ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस की यह कार्रवाई शाम को भी जारी रहेगी। विशेष रूप से विभिन्न स्थानों पर 'नो-पार्किंग' में वाहन खड़ा करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# मझगवां ग्राम पंचायत में जलकर वसूली के नाम पर 'आर्थिक शोषण', ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत

**सतना। मझगवां जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत मझगवां एक बार फिर विवादों के घेरे में है। पंचायत प्रशासन पर जल कर वसूली में भारी अनियमितता और ग्रामीणों के आर्थिक शोषण के गंभीर आरोप लगे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एक जागरूक ग्रामीण ने मझगवां एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर को ईमेल के माध्यम से शिकायती पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।**

### क्या है पूरा मामला?

शिकायतकर्ता के अनुसार,पंचायत प्रशासन ने पिछले 23 महीनों से जल कर की वसूली नहीं की थी , लेकिन अब अचानक 5,516 का भारी-भरकम बिल थमा दिया गया है। ग्रामीण का तर्क है कि:निर्धारित दर बनाम वसूली: शासन द्वारा निर्धारित 150 प्रति माह की दर से 23 महीने का कुल बिल लगभग 3,450 होना चाहिए।ऐसे में पंचायत द्वारा 5,000 से अधिक की मांग करना समझ से परे है।

### कनेक्शन के नाम पर अवैध वसूली

आरोप है कि जल कनेक्शन देते समय जहां नियमतः 100 शुल्क लिया जाना चाहिए था, वहीं पंचायत कर्मियों द्वारा 2,100 की अवैध वसूली की गई। युवक ने अपनी शिकायत में यह भी बताया कि इस अवधि के दौरान कई बार पेयजल आपूर्ति हफ्तों तक बाधित रही,जिसकी शिकायत के बावजूद कोई सुधार नहीं किया गया,लेकिन बिल पूरी अवधि का भेजा गया है।

### ग्रामीणों में आक्रोश

शिकायतकर्ता का कहना है कि वर्षों तक बिल न भेजना और फिर अचानक एक साथ इतनी बड़ी राशि का दबाव बनाना गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के साथ अन्याय है। पंचायत की इस कार्य प्रणाली से ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीण ने एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए,ताकि आम जनता को इस आर्थिक बोझ से राहत मिल सके।

# खेत में बकरी घुसने पर युवक पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला

### दोनों आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजे गए

**सतना।** खेत में बकरी चराने जैसी मामूली बात को लेकर जान से मारने की नीयत से हमला करने वाले दो सगे भाइयों को कोलगवां पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।

### क्या है पूरा मामला?

घटना 31 दिसंबर की शाम करीब 5 बजे की है। फरियादी मोनू चिकवा 28 वर्ष,निवासी माधवगढ़, अपनी बकरियां कब्रिस्तान के पास चरा रहा था। इसी दौरान उसकी बकरी सादिक खान के खेत में चली गई। इसी बात से आक्रोशित होकर सादिक खान और उसका भाई बाबू खान वहां पहुंचे और गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों भाइयों ने जान से मारने की नीयत से मोनू पर कुल्हाड़ी (टंगिया) से हमला कर दिया। सादिक ने मोनू के सिर पर और बाबू ने उसके पेट पर वार किया,जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा।

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक सतना,हंसराज सिंह के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.शिवेश सिंह बघेल व नगर पुलिस अधीक्षक डी.पी.सिंह चौहान के मार्गदर्शन में कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी एवं उनकी टीम ने तत्परता दिखाई।पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता,2023 की धारा 109(1) हत्या का प्रयास,296(a) अश्लील गालियां देना 3(5): सामान्य आशय के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने घेराबंदी कर माधवगढ़ क्षेत्र से दोनों आरोपियों को दबोच लिया मो.साबिर उर्फ बाबू 30 वर्ष,पिता मो.सादिक मो.साजिद उर्फ सादिक 32 वर्ष,पिता मरहूम मो.सादिक दोनों निवासी माधवगढ़ छिपहटी मोहल्ला,सतना है।गिरफ्तारी के बाद दोनों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# जुए के ठिकाने पर पुलिस की सर्जिकल स्ट्राइक, 8 जुआरी गिरफ्तार, नकदी और वाहन बरामद

**सतना। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के कुशल निर्देशन में कोठी पुलिस ने अवैध गतिविधियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने ग्राम बरहना में संचालित जुए के एक ठिकाने पर दबिश देकर 8 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन यह पूरी कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) प्रेमलाल कुर्वे एवं एसडीओपी नागौद रघु केशरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। टीम का नेतृत्व कोठी थाना प्रभारी आशुतोष त्यागी ने किया।**

### घटनाक्रम और पुलिस कार्रवाई

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बरहना के पास बड़े स्तर पर जुआ खेला जा रहा है। सूचना की तस्दीक करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दबिश दी। मौके से ताश के पत्तों के साथ जुआ खेल रहे 8 व्यक्तियों को पकड़ा गया। आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नगद राशि:11,900 रुपये, 03 मोटरसाइकिलें 04 मोबाइल फोन पकड़े गए सभी आरोपी ग्राम बरहना,थाना कोठी के निवासी हैं। जिसमें सुंदरलाल कोल 25वर्ष,राघवेंद्र सिंह 62वर्ष,नंदीलाल कोल 40 वर्ष,सुरेश सिंह 65वर्ष,अजय सिंह 42 वर्ष,छोटू कोल 23वर्ष,अयोध्या प्रसाद सेन 70 वर्ष उपेंद्र सिंह 58 वर्ष है। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी कोठी आशुतोष त्यागी,सउनी अश्वनीधर द्विवेदी,अरुण पाण्डेय,आरक्षक विशाल और आरक्षक राम की विशेष भूमिका रही।

# देहदान एवं नेत्रदान से बढ़कर मानवता की कोई दूसरी सेवा नहीं: सिद्धार्थ कुशवाहा

**सतना। देहदान दुनिया का सबसे बड़ा महादान है। इससे न केवल चिकित्सा शिक्षा और शोध को नई दिशा मिलती है,बल्कि यह मानव सेवा का सर्वोच्च उदाहरण है। देहदान करने वाले व्यक्ति मृत्यु के पश्चात भी समाज के बीच जीवित रहते हैं। उक्त विचार सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा 'डब्बू भइया' ने व्यक्त किए। वे गुरुवार को संस्था 'द बुद्धाज भूमि' द्वारा आयोजित 'सर्वोच्च दान: देहदान-नेत्रदान' समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि मेडिकल छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान देहदान से ही मिलता है,जिससे भविष्य में कुशल डॉक्टर तैयार होते हैं।**

उन्होंने समाज से रूढ़िवादी भ्रांतियों को त्यागकर इस पुण्य कार्य के लिए आगे आने की अपील की। डॉ.एसपी गर्ग (डीन,मेडिकल कॉलेज): देहदान से छात्रों को मानव शरीर की संरचना को प्रत्यक्ष समझने का अवसर मिलता है। डॉ.रश्मि सिंह यह ने कहा वैज्ञानिकों को नई चिकित्सा पद्धतियां विकसित करने में सहायक है। डॉ. पुष्पराज सिंह ने कहा मरणोपरांत नेत्रदान किसी नेत्रहीन के जीवन का उजाला बन सकता है। अजय सोनी डायरेक्टर,AKS यूनिवर्सिटी देहदान भविष्य की पीढ़ियों के स्वास्थ्य और जीवन बचाने का महान आधार है। आर.एस.जायसवाल चेयरपर्सन,IPS यह भविष्य के कल्याण में एक बड़ा व्यक्तिगत योगदान है। बी.एल. यादव 'निराला' चिकित्सा उपकरणों और दवाओं के परीक्षण के लिए यह



वैज्ञानिक आवश्यकता है। प्रेरणादायी मिसाल: एक ही परिवार के 10 सदस्यों ने किया दानकार्यक्रम में समाज के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण पेश किया गया।अशोक जायसवाल के परिवार से कुल 10सदस्यों ने एक साथ देहदान एवं नेत्रदान का संकल्प लिया,जिसकी सभी ने मुक्तकंठ से सराहना की।

### आयोजन और सहभागिता

कार्यक्रम की अध्यक्षता एड.के.पी.पाल ने की तथा संचालन लायंस क्लब के अशोक जायसवाल द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में महिंद वर्धन सिद्धार्थ,सुदामा प्रजापति,अनिल कुशवाहा सहित 'द बुद्धाज भूमि' की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के एनाटामी एचओडी डॉ.अंकित जैन,डॉ.पंकज चौरसिया,कुशवाहा संघ के जिलाध्यक्ष गौरीशंकर कुशवाहा सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**महादानी महानुभावों की सूची (देहदान एवं नेत्रदान संकल्प)**

कार्यक्रम में शिवाकांत कुशवाहा, प्रतिमा कुशवाहा, रमेश कुशवाहा, महेंद्रवर्धन,अनिल कुशवाहा, शांति जायसवाल, अशोक जायसवाल, आर.एस. जायसवाल, विमला जायसवाल, महालक्ष्मी जायसवाल, सुरेश जायसवाल, दीपेंद्र जायसवाल,हीरा जायसवाल,एड.के.पी. पाल एवं साधना पाल, सोनू पाल, रंजीत प्रजापति,पंकज सेन सहित 50 से अधिक नागरिकों ने मरणोपरांत देहदान और नेत्रदान का संकल्प पत्र भरा।

**खबर संक्षेप**

### अलोका वेयर हाउस के पास सड़क हादसा, मोटर साइकिल व कार की टक्कर में तीन लोग घायल

**पवई।** अमानगंज मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित अलोका वेयरहाउस के पास शुक्रवार को एक सड़क हादसा हो गया। अमानगंज से बम्होरी जा रहे मोटरसाइकिल सवार तीन लोग चारपहिया कार से टकरा गए, जिससे तीनों घायल हो गए। हादसे में घायल हुए लोगों की पहचान हक्की पति पूरन (35 वर्ष), विनोद पिता पूरन (22 वर्ष) एवं रामेश्वरी पिता सुनवा चौधरी (30 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों घायल ग्राम बम्होरी के निवासी बताए गए हैं। घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### किसान सम्मान निधि की किस्त एवं उर्वरक प्राप्त करने के लिए अब फॉर्मर आईडी अनिवार्य

**पन्ना।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किस्त प्राप्त करने के लिए अब फॉर्मर आईडी को अनिवार्य किया गया है। आगामी दिवस में योजना की 22वीं किस्त जारी होगी। फॉर्मर आईडी जनरेट होने के साथ ही आधार बैंक खाता डीबीटी सक्षम होना भी अनिवार्य है। माह जनवरी 2026 से उर्वरक वितरण भी फॉर्मर आईडी के जरिए किया जाएगा, जिससे किसानों को धारित भूमि के अनुसार उर्वरक प्रदान किया जा सके। पन्ना जिले में पीएम किसान योजना में कुल एक लाख 87 हजार 906 हितग्राही हैं। इनमें से एक लाख 86 हजार 706 हितग्राहियों की फॉर्मर आईडी बनाई जा चुकी है। अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे ने सभी तहसीलदार को अभियान संचालित कर एवं ग्राम स्तर पर शिविर के माध्यम से शेष किसानों के फॉर्मर आईडी बनाने के निर्देश जारी किए हैं।

**कलेक्टर ने निर्माण कार्यों के साईन बोर्ड लगवाने जारी किया फरमान**

# निर्माण विभाग एवं एजेंसी द्वारा क्रियान्वित निर्माण कार्यों का अनिवार्य रूप से साईन बोर्ड लगाने के निर्देश

**पन्ना। कहीं न कहीं सोच कार्यप्रणाली से ही जानी जाती है। कलेक्टर पन्ना श्रीमती ऊषा परमार जिन्होंने निर्माण कार्यों के साईन वोर्ड लगवाने के लिए कार्यस्थल पर जो जोर दिया है इससे साफ साबित होता है कि आखिर कहीं न कहीं पारदर्षिता प्रत्यक्ष रूप से कार्यों की जानकारी तथा पूर्ण अवधि का समय व लागत तथा कार्य एजेन्सी का नाम तो आम आदमी कार्य स्थल पर जान सके।**

क्या वजह थी कि विभागीय अधिकारी लम्बे अर्से से साईन वोर्ड लगाये जाने को लेकर जोर नहीं देते थे। जबकि कार्य स्थल में कार्यएजेन्सी का नाम तथा कार्य स्वीकृति दिनांक किस मद से कितनी लागत का कार्य स्वीकृत हुआ तथा कब पूर्ण होगा यह बताने में क्यों परहेज किया जा रहा था। वह तो जिला प्रशासन की मुखिया कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार की सोच कहीं न कहीं सभी के लिए पारदर्शिता लाने के लिए अब जरूरी बन गई। जिससे समूचे जिले में किस विभाग का




कार्य कहां कराया जा रहा है कब पूर्ण होगा कितनी लागत से संबंधित कार्य किया जा रहा है कौन कार्य एजेन्सी है यह तो साईन वोर्ड के माध्यम से जाना जायेगा। जो कलेक्टर पन्ना की तत्परता पूर्ण कार्यवाही से ही साईन वोर्ड कार्य स्थल पर सायद नजर आये।

कलेक्टर ऊषा परमार ने जिले के विभिन्न स्थानों पर निर्माण विभाग एवं एजेंसी द्वारा क्रियान्वित निर्माण कार्यों का अनिवार्य रूप से साईन बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश का पालन सुनिश्चित कराने के लिए कहा गया है। सामान्यतः पाया गया है कि जिले में संचालित निर्माण कार्यों के सूचना फलक तथा कार्य से संबंधित जानकारी का विवरण निर्धारित स्थल पर प्रदर्शित नहीं किया जा रहा है। इससे प्रायः विभाग अथवा एजेंसी व कार्य की पूर्णता अवधि एवं लागत इत्यादि की जानकारी ज्ञात नहीं होती है। इसलिए निर्माण कार्य स्थल पर निर्माण कार्य संबंधी विवरण का बोर्ड अविलंब लगवाने के निर्देश दिए गए हैं।



## जनपद पंचायत सदस्य एवं सरपंच के निर्वाचन परिणाम घोषित



**पन्ना।** पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत शाहनगर जनपद पंचायत के वार्ड क्रमांक 14 सहित ग्राम पंचायत हरदुआ मैमारी एवं बृजपुर में विगत 29 दिसम्बर को संपन्न मतदान की मतगणना एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा शुक्रवार को ब्लॉक मुख्यालय पर की गई। विजयी उम्मीदवारों को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।ईव्हीएम से संपन्न कराए गए मतदान में जपं सदस्य पद पर सिलोचना सिंह राठौर ने 440 वोट से जीत हासिल की, जबकि हरदुआ मैमारी सरपंच के चुनाव में झलकन सिंह ने 316 वोट तथा बृजपुर सरपंच के चुनाव में रानी देवी अहिरवार 45 वोट से विजयी हुईं।

## सिमरिया थाना क्षेत्र में रास्ता रोककर, डरा धमकाकर पैसे मांगने वाले कुख्यात आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**आरोपियों पर जिला छतरपुर में 2 दर्जन से अधिक अपराध हैं दर्ज**

**आरोपियों के कब्जे से एक 315 बोर का देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त नीले रंग की पल्सर मोटर साइकिल एवं फरियादी का मोबाइल किया गया जप्त**



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पवई सुश्री भावना दांगी के मार्गदर्शन में थाना सिमरिया पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में रास्ता रोककर शराब पार्टी के लिए जबरन पैसे मांगने वाले आरोपियों को त्वरित कार्यवाही करते हुये 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। फरियादी निवासी ग्राम साटाबुद्ध सिंह द्वारा थाना सिमरिया उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई की आरोपी सिक्सर उर्फ हर्ष सिंह परमार एवं राज उर्फ इन्द्रजीत सिंह राजपूत द्वारा रास्ता रोककर अश्लील गालियाँ दी गईं, शराब पार्टी के लिए पैसे मांगे गए, जान से मारने की धमकी दी गई तथा जबरन पैसे एवं मोबाइल फोन ले लिया गया। फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत विभिन्न धाराओं मे अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले मे पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा सम्बंधित आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना एवं एस.डी.ओ.पी. पवई के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी सिमरिया के नेतृत्व मे एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई उक्त पुलिस टीम द्वारा संदेही सिक्सर उर्फ हर्ष सिंह परमार एवं राज उर्फ इन्द्रजीत सिंह राजपूत तलाश हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया एवं घटना स्थल के आसपास के सी.सी.टी.व्ही कैमरो का निरीक्षण किया गया। जिसके फलस्वरूप विगत रात्रि मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा पशु चिकित्सालय सिमरिया के पास से दोनों आरोपियों को अभिरक्षा मे लिया गया। तलाशी के दौरान आरोपी सिक्सर उर्फ हर्ष सिंह परमार के कब्जे से एक 315 बोर का देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। वहीं आरोपी राज उर्फ इन्द्रजीत सिंह राजपूत के कब्जे से घटना में प्रयुक्त नीले-काले रंग की 220सीसी पल्सर मोटर साइकिल तथा फरियादी सत्यव्रत तिवारी से छीना गया वीवो कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया गया। आरोपी सिक्सर उर्फ हर्ष सिंह परमार के कब्जे से प्राप्त देशी कट्टा एवं कारतूस को धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत जप्त कर साक्ष्य में लिया गया। उक्त दोनो आरोपी छतरपुर जिला के कुख्यात आरोपी है जिन पर मारपीट लूट जैसे 02 दर्जन से अधिक अपराध दर्ज है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय जे.एम.एफ.सी. पवई के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**जप्त सामग्री-**

एक 315 बोर का देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त नीले-काले रंग की 220 पल्सर मोटर साइकिल, फरियादी का वीवो कंपनी का मोबाइल फोन

**गिरफ्तार आरोपी-**

1. हर्ष सिंह उर्फ सिक्सर पिता स्व. श्री सुरेन्द्र सिंह परमार, उम्र 24 वर्ष, निवासी गुडमनिया थाना सिमरिया जिला पन्ना।
2. राज उर्फ इन्द्रजीत सिंह पिता स्व. श्री करण सिंह राजपूत, उम्र 19 वर्ष, निवासी हिनौता थाना गैसाबाद जिला दमोह।

**सराहनीय योगदान-**

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सिमरिया निरी. जे.पी. सिंह, उ.नि. योगेन्द्र गायकवाड़, थाना सिमरिया स्टाफ एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## थाना देवेन्द्र नगर क्षेत्र से 2 माह से अपहृत नाबालिग को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द, अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत जिले के समस्त थाना-चौकी प्रभारियों को अपहृत बालक-बालिकाओं की अधिक से अधिक एवं शीघ्र दस्तयाबी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान तथा जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के मार्गदर्शन में थाना-चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीमों का गठन कर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना




देवेन्द्रनगर में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 561/2025, धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.) के अंतर्गत दर्ज अपहरण प्रकरण में गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए 02 माह से अपहृत नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर विधिवत परिजनों को सुपुर्द किया गया। पीड़िता के कथन एवं विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में दुष्कर्म से संबंधित धाराओं का इजाफा किया गया, तत्पश्चात अपहरण एवं दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर श्री रामआसरे सोनकर, उप निरीक्षक रतिराम प्रजापति, प्रधान आरक्षक रामभिखारी बागरी, आरक्षक ब्रजेन्द्र, आरक्षक रोहित एवं सायबर टीम का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा।

# अतिक्रमण हटाने का अभियान लगातार रहेगा जारी- सीएमओ अमानगंज

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज नगर में आज अतिक्रमण हटाने का अभियान स्थानीय नगर निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशिकपूर गढ़पाले ने अपनी टीम के साथ राजस्व विभाग और पुलिस विभाग का संयुक्त सहयोग लेते हुए, नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान आरंभ किया जिसमें अस्थाई अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही आरंभ हुई और दुकानदारों को 2 दिन पहले इस बात की सूचना मौखिक रूप से दी जा चुकी थी और चूना डालकर अतिक्रमण की रेखा चिन्हित की जा चुकी थी और आज जैसे ही 11बजे तो समूची टीम मौके पर जा पहुंची और अतिक्रमण हटाने का अभियान आरंभ कर दिया।अभियान में कई दुकानदारों के टीन शेड नगर निकाय की जेसीबी ने स्वयं तोड़े और कई स्थानों पर समझदार दुकानदारों ने अपने-अपने टीन शेड पहले से ही निकाल कर इस कार्यवाही में अपना सहयोग दिया।

जिन- जिन स्थानों पर यह अतिक्रमण आज हटाया गया है वहां कई स्थानों पर खुशी और



कई स्थानों पर आक्रोश की लहर देखने को मिल रही है क्योंकि इसमें कुछ दुकानदारों को भारी नुकसान बताया जा रहा है जबकि कुछ को नुकसान जरा भी नहीं पहुंचा है इस वजह से मौके पर खड़े दुकानदारों ने आरोप प्रत्यारोप भी लगाए है।स्थानीय मीडिया ने जब मुख्य नगर पालिका अधिकारी से अतिक्रमण के विषय में चर्चा रखी तो उनका कहना था कि यह अभियान अभी लगातार जारी रहेगा जो नगर के प्रत्येक मार्गों पर चलेगा, साथ ही बस्ती के अंदर भी अतिक्रमण हटाया जा सकता है। जहाँ से नगर निकाय को शिकायत प्राप्त हुई है वहाँ अभी कार्यवाही की जा सकती है। अतिक्रमण हटाने में स्थानीय दुकानदारों के साथ किसी भी प्रकार का कोई भी पक्षपात नहीं किया जा रहा है और ना ही किया जाएगा।

## नववर्ष पर आस्था का ज्वार, राजादाहार हनुमान मंदिर में उमड़ा जन सैलाब, टूटे पिछले वर्षों के सभी रिकॉर्ड

**पन्ना।** नववर्ष के पावन अवसर पर देवेंद्रनगर स्थित नेशनल हाईवे-39, पन्ना रोड पर अवस्थित श्री राजादाहा जीवीर हनुमान मंदिर आस्था, श्रद्धा और विश्वास के विराट केंद्र के रूप में नजर आया। वर्ष 2026 के आगमन पर यहां श्रद्धालुओं की भीड़ ने पिछले सभी वर्षों के रिकॉर्ड तोड़ दिए। अलसुबह से लेकर सूर्यास्त तक मंदिर परिसर "जय श्रीराम" और "बजरंगबली की जय" के गगनभेदी उद्घोष से गूंजता रहा।



नववर्ष के प्रथम दिवस पर भगवान हनुमान के दर्शन हेतु दूरदृदराज से पहुंचे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। हाईवे पर यातायात को नियंत्रित करने के लिए डिवाइडर लगाए गए, वाहनों की गति धीमी रखी गई तथा पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया, जिससे श्रद्धालु सुरक्षित और सुगम रूप से दर्शन कर सकें। श्रद्धालुओं की सेवा में रेलवे ठेकेदार द्वारा भव्य भंडारे की व्यवस्था की गई, जो सुबह से देर शाम तक अनवरत चलता रहा। वहीं, भक्त मंडली द्वारा पारंपरिक खिचड़ी प्रसाद की व्यवस्था ने भक्तों के मन को भावविभोर कर दिया। सेवा, समर्पण और सहयोग की यह भावना नववर्ष की आस्था को और भी सशक्त बनाती नजर आई। देवेंद्रनगर थाना प्रभारी श्री सोनकर ने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा भीड़ और व्यवस्थाओं पर निरंतर निगरानी रखी गई, जिसके परिणामस्वरूप पूरे दिन किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, दुर्घटना या अप्रिय घटना नहीं हुई। श्रद्धालुओं ने प्रशासन की व्यवस्था की सराहना की।

**चोरी की घटना अब भी अनसुलझी, लोगों में रोष-**

उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह इसी राजादाहार मंदिर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया था, जिसमें लगभग एक से डेढ़ किलो जेवरात तथा डेढ़ से दो लाख रुपये की नकदी दान पेटी से चोरी कर ली गई थी। दुर्भाग्यवश, इतने महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल पर हुई इस वारदात का अब तक कोई खुलासा नहीं हो पाया है। मंदिर क्षेत्र के श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने चोरी का खुलासा न होने पर गहरी नाराजगी और चिंता व्यक्त की है। लोगों का कहना है कि यह मंदिर केवल पूजा स्थल नहीं, बल्कि क्षेत्र की आस्था, विश्वास और सांस्कृतिक चेतना का केंद्र है, ऐसे में सुरक्षा में हुई चूक और अपराधियों का खुलेआम घूमना श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत करता है। नववर्ष के इस पावन अवसर पर जहां एक ओर राजादाहार हनुमान मंदिर में आस्था का महासागर उमड़ा, वहीं दूसरी ओर चोरी की अनसुलझी घटना ने प्रशासन के समक्ष सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की आवश्यकता को भी रेखांकित कर दिया है।

### नववर्ष के अवसर पर आबकारी विभाग ने होटल और ढाबों से पकड़ी अवैध शराब

**पन्ना।** कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार मौर्य द्वारा होटल और ढाबों पर उत्साहपूर्वक नववर्ष के कार्यक्रमों में मदिरापान और अवैध शराब के विक्रय की संभावना होने से इसके रोकथाम हेतु सहायक जिला आबकारी अधिकारी शंभू दयाल सिंह जाटव के नेतृत्व में आबकारी दलों का गठन कर पन्ना जिले में होटल और ढाबों पर अवैध शराब विक्रय और मदिरापान के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इसी के तारतम्य में आबकारी दलों द्वारा 31 दिसंबर 2025 और 1 जनवरी 2026 को पन्ना जिले के होटल और ढाबों में सघन तलाशी ली गई । जिसमें लगभग 12 स्थानों से देशी और विदेश अवैध शराब पकड़ कर सम्बंधितो के विरुद्ध अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि दादा दा ढाबा अमानगंज में मुन्ना चौरसिया पिता श्रीराम चौरसिया उम्र 50 वर्ष के कब्जे से 12 पाव गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब 10 पाव देशी मदिरा सादा एवं 5 बीयर अवैध शराब अनुमानित कीमत लगभग 3500 रुपए जप्त की गई । आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 36 का प्रकरण दर्ज किया गया । इसके अलावा रत्तू ढाबा, सम्राट ढाबा और जलसा ढाबा की भी तलाशी ली गई। कोई भी अवैध शराब न मिलने पर खाली तलाशी पंचनामा बनाया गया । पंचवटी ढाबा टेड़ी धार थाना पवई से परसराम सेन पिता परसोत्तम सेन उम्र 29 वर्ष के कब्जे से 22 पाव देशी मदिरा सादा और 14 पाव गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब अनुमानित कीमत लगभग 3500 रुपए जप्त की गई । आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 36 का प्रकरण दर्ज किया गया। दीक्षा रेस्टोरेंट मिलौनीगंज पवई से विफिल खटीक पिता राकेश खटीक उम्र 25 वर्ष के कब्जे से 02 बोतल किंगफिशर बीयर। 4 पाव इंपीरियल ब्लू व्हिस्की अंग्रेजी शराब और 12 पाव गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब अनुमानित कीमत लगभग 2600 रुपए जप्त की गई।

**कुढ़न में दर्दनाक सड़क हादसा**

# तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से 3 वर्षीय बालिका की मौत

ग्राम कुढ़न में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया। तेज रफ्तार ऑटो ने पैदल जा रही 3 वर्षीय बालिका एवं उसकी दादी को टक्कर मार दी। हादसे में बालिका की मौत हो गई, जबकि दादी घायल हो गईं।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृत बालिका शिवांशी, पिता राजेंद्र, उम्र 3 वर्ष, निवासी ग्राम कुढ़न, अपनी मां और दादी के साथ इलाज के लिए कुढ़न से गहादरा उप स्वास्थ्य केंद्र जा रही थी। इसी दौरान अनियंत्रित एवं तेज गति से आ रहे ऑटो ने उन्हें टक्कर मार दी।हादसे के बाद परिजन और ग्रामीण तत्काल उन्हें स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने बालिका को मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही गांव में मातम पसर गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बालिका की मां सविता आदिवासी, उप स्वास्थ्य केंद्र गहदरा में चपरासी के पद पर कार्यरत हैं। इकलौती बच्ची की असमय मौत से मां का आँचल सूना हो गया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। ऑटो चालक की तलाश की जा रही

# ऑटो चालक से मारपीट व जान से मारने की धमकी

**तीन युवकों पर मामला दर्ज**

**अमानगंज।** बाईपास पुल के पास ऑटो चालक से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एक नामजद सहित तीन आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी राजू उर्फ राजा भइया यादव (22 वर्ष), निवासी मझगवां शेख, ऑटो चलाने का कार्य करता है। फरियादी ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 2 जनवरी



2026 को दोपहर करीब 1 बजे वह हिनौती से खाद लेकर ऑटो से अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह बाईपास पुल के पास पहुंचा, तभी सिरी गांव निवासी लाखन सिंह राजपूत अपने दो साथियों के साथ मोटरसाइकिल से आया और ऑटो के सामने वाहन लगाकर रास्ता रोक लिया।आरोप है कि लाखन सिंह ने गांव के पुराने विवाद को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर फरियादी को ऑटो से खींचकर बाहर निकाला गया और लात-घूंसों से मारपीट की गई। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।मारपीट में फरियादी के माथे, सिर के पीछे, बाएं हाथ की कोहनी एवं दाहिने पैर के घुटने के नीचे चोटें आई हैं। घटना की जानकारी उसने घर पहुंचकर अपने पिता एवं बड़े भाई को दी, जिसके बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी लाखन सिंह राजपूत एवं उसके दो अज्ञात साथियों के विरुद्ध धारा 126(2), 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी

## खबर संक्षेप

### सीताराम कीर्तन, शोभायात्रा और भंडारे का आयोजन

**सिलौंडी।** अयोध्या में श्री राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दूसरी वर्ष गांठ के अवसर पर दामोदर दास के पावन सानिध्य में पंचमुखी सेवा न्यास और ग्राम वासियों के सहयोग से सिलौंडी के श्री पंचमुखी दरबार में 24 घंटे का सीताराम कीर्तन और विशाल शोभायात्रा और कन्या भोज भंडारा हुआ । 24 घंटे सीता राम संकीर्तन के बाद श्री पंचमुखी दरबार से विशाल शोभायात्रा शुरू हुई जिसमें श्री राम, जानकी, लखन जी और हनुमान जी की झांकी के साथ डीजे ढोल नगाड़े के साथ हजारों भक्त के साथ पूरे गांव भ्रमण किया। शिव चौक में सार्वजिक शिव चौक समिति ने भगवान श्रीराम जानकी पर पुष्प वर्षा कर सभी भक्तों को पोहा का प्रसाद वितरण किया। इसी प्रकार राम मंदिर सिलौंडी में भी भक्तों को हलवा का प्रसाद वितरण हुआ।

### तेवरी के पुस्तकालय में एकता शिविर आयोजित

**कटनी।** जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केशवाल के मार्गदर्शन में विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम पंचायत तेवरी के स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में नवांकुर संस्था युवा जन सेवा समिति तेवरी द्वारा ग्रामीण युवा एकता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में जिला समन्वयक डॉ. केशवाल ने एकता शिविर के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने जल संरक्षण, पौधारोपण, नशा मुक्त अभियान के बारे में जानकारी देते हुये उपस्थित जनों को एकता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक अरविन्द शाह, नवांकुर संस्था युवा जन सेवा समिति तेवरी के सेक्टर प्रभारी रविन्द्रनाथ झारिया, संस्था के अध्यक्ष बसंत जायसवाल, सचिव रामशरण जायसवाल, मृत्युंजय सिंह, बलबीर सिंह ठाकुर, महेन्द्र सिंह, संतोष झारिया, दिनेश झारिया, सुरेन्द्र झारिया, सहित ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

### आदतन अपराधी को 6 माह तक थाना में उपस्थित होने के दिए निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने हिरवारा थाना एनकेजे कटनी निवासी सोनू बर्मन पिता काशी प्रसाद बर्मन उम्र 30 वर्ष के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए आगामी 6 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 और 16 तारीख को पुलिस थाना एनकेजे में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री तिवारी ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है। सोनू बर्मन के विरूद्ध वर्ष 2012 से अब तक कुल 12 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें गाली-गलौज करना, जातिगत शब्दों से अपमानित करना, मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, जुआं एवं सट्टा खेलने जैसे अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा सोनू के विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। सोनू द्वारा आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री तिवारी ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए आगामी 6 माह तक पुलिस थाना एनकेजे में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

अतिरिक्त मानव संसाधन लगाकर ई-पैक्स कार्य में तेजी लाने के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक संपन्न

# भदर्रा समिति प्रबंधक द्वारा ई-पैक्स कार्य में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर ने बैंक महाप्रबंधक को निलंबित करने के दिए निर्देश

**छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित छतरपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिले के समस्त शाखा प्रबंधकों, उपायुक्त सहकारिता एवं विभागीय अंकेक्षकों की बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को ई-पैक्स करने के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। ई-पैक्स में सहकारी समितियों के कामकाज को डिजीटल या ऑनलाईन प्रणाली से संचालित करना है।**




बैठक में कलेक्टर जैसवाल ने उपायुक्त सहकारिता सी.पी.एस. भदौरिया से समितियों के ई-पैक्स ऑडिट की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। इसके पश्चात जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवम शाह एवं समस्त शाखा प्रबंधकों से शाखावार ई-पैक्स की प्रगति, डे-एण्ड की स्थिति सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की। शाखावार समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने शाखा बमीठा की समितियाँ गंज, चन्द्रनगर एवं बसारी, शाखा बड़ामलहरा की समितियाँ बंधा एवं डिकौली, शाखा चंदला की समितियाँ बलकौरा एवं माधौपुर, शाखा घुवारा एवं हरपालपुर की समस्त समितियाँ; शाखा नौगांव की समिति मऊसहानियां, शाखा ईसानगर की समितियाँ रामपुर कुर्रा, रनगुवां एवं बंधीकला, शाखा लौड़ी की समिति कटहरा, शाखा राजनगर की समितियाँ विक्रमपुर, राजनगर एवं धवाड़, शाखा सरबई की समिति नाहरपुर तथा मुख्य शाखा छतरपुर की समिति ढड़ारी की प्रगति लक्ष्य से काफी पीछे पाई, इस पर संबंधित शाखा प्रबंधकों को प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होने निर्देशित किया कि अतिरिक्त मानव संसाधन लगाकर ई-पेक्स के कार्यों में गति बढ़ाएं जिससे कार्य समय सीमा में पूरा हो सके।

कलेक्टर द्वारा शाखा हरपालपुर की समिति भदर्रा के समिति प्रबंधक द्वारा ई-पैक्स कार्य में लापरवाही बरतने पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सी.ई.ओ. को संबंधित समिति प्रबंधक को निलंबित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही शाखा ईशानगर की समिति बंधीकला एवं शाखा सरबई की समिति नाहरपुर के समिति प्रबंधकों का वेतन रोकने तथा शाखा ईसानगर एवं शाखा बड़ामलहरा के शाखा प्रबंधकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने अधीनस्थ समस्त समितियों को अनिवार्य रूप से 24 जनवरी 2026 तक ई-पैक्स की प्रक्रिया पूर्ण कराएं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य पूर्ण न होने पर संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## कोटा हत्याकांडः आरोपियों के घर बुल्डोजर चलाने व टीआई को निलंबित करने ओबीसी ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**छतरपुर।** 5 दिन पूर्व थाना राजनगर के अंतर्गत ग्राम कोटा में संतोष पटेल की गोली मारकर हत्या करने के मामले में जहां पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। वहीं शुक्रवार को ओबीसी महासभा ने सड़कों पर उतरकर जंगी प्रदर्शन किया। और तीन सूत्रीय ज्ञापन प्रदेश के राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम पुलिस अधीक्षक कार्यालय में खजुराहो एसडीओपी मनमोहन सिंह बघेल को सौंपा। और तीनों मांगों पर तीन दिन में कार्यवाही करने का आश्वासन लिया। ओबीसी महासभा के प्रदर्शन के दौरान मृतक संतोष पटेल की विधवा पत्नी सहित भारी संख्या में महिलाएं और पुरूष शामिल हुए। ओबीसी महासभा ने जो तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा उसमें आरोपियों के घर बुल्डोजर चलाने और राजनगर थाना प्रभारी परशुराम डाबर व 10 साल से पदस्थ दो आरक्षकों संजय सिंह परिहार व शिवकुमार पाल को निलंबित करने की मांग रखी। एसडीओपी मनमोहन सिंह बघेल ने इन तीनों मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

ओबीसी महासभा के प्रदर्शन के दौरान मृतक संतोष पटेल की पत्नी ने दुखित होकर कहा कि पुलिस की लापरवाही के चलते उसके पति की हत्या हुई है। तीन माह से आरोपी उसके पति का पीछा कर रहे थे। लेकिन शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। इसलिए यदि आरोपियों के घरों पर बुल्डोजर नहीं चलाया जाता और टीआई राजनगर व दोनों आरक्षक निलंबित नहीं किये जाते तो वह अपने दोनों पुत्रों सहित मौत को गले लगा लेगी। महिला का साफ कहना था कि मैं उसी दिन मर जाती लेकिन मुझे कार्यवाही का आश्वासन दिया गया था। उसका यह




भी कहना था कि बुल्डोजर इसलिए चलाया जाए ताकि भविष्य में आरोपी कोई अन्य वारदात उनके साथ न कर सके।

### हत्याकांड के आठ आरोपी हुए गिरफ्तार

कोटा के संतोष पटेल हत्याकांड में शामिल आठ आरोपियों को पुलिस ने घटना के चार दिन बाद गिरफ्तार कर लिया है। एसपी ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आठ टीमें बनाई थीं। और 10 हजार रूपये का इनाम भी घोषित किया था। जिन आरोपियों की गिरफ्तारी हुई हैं उनमें सत्यम राजा पिता रनधीर सिंह परमार, बहादुर सिंह पिता मुलायम सिंह, ध्रुव परमार उर्फ गोल्डी पिता बहादुर सिंह, नीरेन्द्र सिंह परमार पिता रनधीर सिंह परमार, नाती राजा पिता शिवराज सिंह परमार, सौरभ परमार पिता शिवराज परमार,, पुष्पेन्द्र सिंह परमार पिता जाहर सिंह परमार, निवासी कोटा एवं अंजुल ङ्कषसह ठाकुर पिता राजू राजा निवासी लखरावन थाना कोतवाली शामिल हैं। यह घटना 29 दिसम्बर को रात 8 बजे के लगभग हुई थी। और तभी से पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी।

इस हत्याकांड में आठ आरोपियों में दूसरे नम्बर पर गोल्डी परमार उर्फ ध्रुव परमार पिता बहादुर सिंह परमार का नाम शामिल है। लेकिन सोशल मीडिया में जो चर्चाएं चल रही है उन चर्चाओं के अनुसार गोल्डी परमार घटना के समय छतरपुर में था। सोशल मीडिया में सीसीटीवी फु टेज होने का दावा किया जा रहा है और पुलिस की कार्यवाही पर सवालिया निशान भी उठ रहे हैं। अब पुलिस को चाहिए कि इस पूरे मामले में कोइ फर्जी नाम न आने पाए। इसलिए मामले की गहराई से जांच होनी चाहिए ।

## नीलगाय से टकराई बाइक, हादसे में एक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**छतरपुर।** जिले के सटई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नदगांय में नए साल के अवसर पर एक हृदयविदारक सड़क हादसा सामने आया है। यहाँ नदी के पास से गुजर रहे बाइक सवारों की टक्कर अचानक एक नीलगाय से हो गई, जिसके परिणामस्वरूप एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई और एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नदगांय निवासी रतिराम अहिरवार अपने भतीजे करण अहिरवार के साथ नए वर्ष के उपलक्ष्य में किसी कार्य से बाहर जा रहे थे। जब वे गाँव के पास स्थित नदी के समीप पहुँचे, तभी अचानक झाड़ियों से निकलकर एक नीलगाय उनकी मोटरसाइकिल के सामने आ गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जा गिरी, जिससे रतिराम और करण दोनों को गंभीर चोटें आईं। हादसे के तुरंत बाद राहगीरों की मदद से रतिराम अहिरवार को उपचार हेतु सटई अस्पताल ले जाया गया। वहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुँचने पर इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने रतिराम का परीक्षण किया और उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं, दुर्घटना में घायल हुए उनके भतीजे करण अहिरवार का अस्पताल में इलाज जारी है और उसकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जाँच शुरू कर दी है। जिला अस्पताल में शुक्रवार को मृतक रतिराम अहिरवार के शव का विधिवत पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## महिला की हत्या के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर।** विगत दिवस थाना जुझार नगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खुडेरी में मवेशी संबंधी बात को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया था। दोनों पक्षों के फरियादी की रिपोर्ट के अनुसार थाना जुझारनगर में भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रथक प्रथक अपराध पंजीबद्ध किए गए थे। एक पक्ष की महिला की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी, प्रकरण में हत्या की धारा की बढ़ोत्तरी की गई। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर हत्या की घटना में सम्मिलित तीन आरोपियों करन सिंह पिता हाकिम



सिंह निवासी ग्राम खुडेरी थाना जुझार नगर, प्रतिपाल सिंह पिता राजाराम सिंह निवासी ग्राम दमोरा थाना कोतवाली महोबा, सपना उर्फ गुल्लो पुत्री करन सिंह निवासी ग्राम खुडेरी थाना जुझार नगर को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया गया, अभियुक्तों को न्यायालय पेश किया जा रहा है, अन्य आरोपी की तलाश एवं विवेचना कार्यवाही जारी है।

## राजनगर के तालाब में मिला छतरपुर के युवक का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**छतरपुर।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले एक युवक की राजनगर थाना क्षेत्र में हुई संदिग्ध मौत ने सनसनी फैला दी है।



मृतक की पहचान ऋषि नामदेव के रूप में हुई है, जिसका शव बीते दिनों राजनगर के एक तालाब में पड़ा मिला था। इस घटना के बाद से ही मृतक के परिजनों में भारी आक्रोश और शोक व्याप्त है। परिजनों ने मामले को सीधे तौर पर हत्या से जोड़ते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं और आरोप लगाया है कि स्पष्ट संदेह के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। घटना का विवरण देते हुए मृतक के परिजन अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि ऋषि उनके दामाद का छोटा भाई था और सिविल लाइन थाना क्षेत्र का निवासी था। ऋषि अचानक लापता हो गया था, जिसकी जानकारी उन्होंने संबंधित थाने में भी दी थी। 27 दिसंबर की रात को राजनगर पुलिस ने फोन कर सूचित किया कि एक युवक का शव तालाब में मिला है। परिजनों ने मौके पर पहुँचकर शव की शिनाख्त ऋषि नामदेव के रूप में की। शव की स्थिति को देखते हुए परिजनों को पहली नजर में ही यह मामला सामान्य डूबने का नहीं, बल्कि साजिशन हत्या का प्रतीत हो रहा है। परिजनों ने पुलिस अधीक्षक और संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया है कि ऋषि का राजनगर की ही रहने वाली एक युवती के साथ पुराना विवाद चल रहा था। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते ऋषि को रास्ते से हटाया गया है। परिजनों ने कुछ विशिष्ट लोगों पर संदेह जाहिर करते हुए उनकी संलिप्तता की आशंका जताई है। परिजनों का कहना है कि शव मिले हुए कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस संदिग्धों से कड़ी पूछताछ करने और साक्ष्य जुटाने में ढिलाई बरत रही है।

## सिविल लाइन पुलिस ने पकड़े 4 गांजा तस्कर

**छतरपुर।** सिविल लाइन पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर ग्राम चंद्रपुरा फोरलेन के किनारे एक मैदान से गांजा तस्करी कर रहे अंतरराज्यीय गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5 किलो 700 ग्राम से अधिक अवैध गांजा बरामद किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब सवा लाख रुपये आंकी गई है।



पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना सिविल लाइन की टीम विगत दिवस रोड पेट्रोलिंग पर थी, तभी उन्हें ग्राम चंद्रपुरा में फोरलेन के बगल में स्थित एक क्रेशर के पास मैदान में कुछ संदिग्धों द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी किए जाने की गोपनीय सूचना मिली। सूचना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर मौके पर मौजूद चार संदिग्धों को दबोच लिया। जब उनके पास मौजूद दो थैलों की विधिवत तलाशी ली गई, तो उनके भीतर भारी मात्रा में अवैध गांजा पाया गया। पुलिस ने तत्काल मादक पदार्थ को जब्त कर चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पकड़े गए तस्करों की पहचान सुरेंद्र उर्फ उप्पल यादव निवासी ढोंगरा सटई, काशीराम यादव निवासी ढोंगरा सटई, उमाशंकर पटेल निवासी खजवा राजनगर और हरदयाल तिवारी निवासी गोपालपुरा छतरपुर के रूप में हुई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में शामिल काशीराम यादव एक शातिर अपराधी है, जो पूर्व में एससी-एसटी एक्ट, मारपीट और रोड एक्सीडेंट जैसे कई गंभीर अपराधों में संलिप्त रहा है। पुलिस अब इन तस्करों से मादक पदार्थ के मुख्य स्त्रोत और उनके नेटवर्क के संबंध में कड़ी पूछताछ कर रही है ताकि इस धंधे से जुड़े अन्य सफेदपोश चेहरों को भी बेनकाब किया जा सके।

## मेला महोत्सव के तहत 70 वें अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ, दिल्ली और प्रयागराज ने दर्ज की जीत

**नौगांव।** राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित 70 वें मेला महोत्सव के अंतर्गत अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह उर्फ भंवर राजा एवं महाराजपुर विधायक कामाख्या प्रताप सिंह उर्फ टीका राजा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूरा स्टेडियम दर्शकों की तालियों और खेल के प्रति भारी उत्साह से गूंज उठा। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कामाख्या प्रताप सिंह के साथ विशिष्ट अतिथि के तौर पर मानवेंद्र सिंह भंवर राजा उपस्थित रहे।



टूर्नामेंट का पहला मुकाबला दिल्ली और लखनऊ की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें दिल्ली की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और लखनऊ को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला दिल्ली और लखनऊ की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की टीम दिल्ली के गेंदबाजों के सामने संघर्ष करती नजर आई और पूरी टीम 15 ओवरों में मात्र 68 रन बनाकर सिमट गई। लखनऊ की ओर से पीयूष कुशवाहा ने सर्वाधिक 19 रन, प्रिंस ने 17 और पीयूष यादव ने 12 रनों का योगदान दिया। दिल्ली के लिए गेंदबाजी में प्रिंस मौर्य ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 ओवर में 3 विकेट झटके, जबकि यशस्वी मिश्रा ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम ने हालांकि 7 विकेट खो दिए, लेकिन नमन शर्मा के महत्वपूर्ण 35 रनों और श्लोक के 13 रनों की बदौलत 14.3 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। शानदार बल्लेबाजी के लिए नमन शर्मा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस मैच में निर्णायक की भूमिका प्रशांत नामदेव और शाहिद बजाज ने निभाई। दिन का दूसरा मुकाबला जयपुर और प्रयागराज की टीमों के मध्य हुआ। जयपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 15 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 114 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। जयपुर की ओर से अंकित ने 47 रनों की तेजतर्रार पारी खेली, जबकि अंश ने 28, सिद्धार्थ ने 17 और तरुण ने 14 रन बनाए। प्रयागराज की ओर से गेंदबाज गौरव सिंह ने 2 और गौरव कुमार ने 1 विकेट हासिल किया। जवाब में उतरी प्रयागराज की टीम ने संतुलित और आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और 15वें ओवर में 6 विकेट शेष रहते ही मुकाबला अपने नाम कर लिया। प्रयागराज की जीत में गौरव के 45 रन, अभिषेक के 30 रन और अनुज के 20 रनों का विशेष योगदान रहा। इस मैच में राजू नामदेव और प्रतीक सक्सेना ने अंपायर की भूमिका निभाई।

## जिला पंचायत सीईओ ने गटेवरा सचिव को किया निलंबित

**छतरपुर।** जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया ने ग्राम पंचायत सचिव गठेवरा के सचिव प्रेमचन्द्र असाटी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सचिव के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के आवास फार्म के सत्यापन में हितग्राहियों से 1-1 हजार रूपए की राशि वसूली की गई है। जिसके विरुद्ध कार्यवाही हुई है। जनपद सचिव छतरपुर के द्वारा भेजे गए प्रतिवेदन भेजा गया कि ग्राम पंचायत गठेवरा के सचिव प्रेमचन्द्र असाटी के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के आवास फार्म के सत्यापन में हितग्राहियों से 1-1 हजार रूपए वसूली की गई है। इसी आधार पर प्रेमचन्द्र असाटी सचिव ग्राम पंचायत गठेवरा को निलंबित करते हुए जनपद पंचायत कार्यालय छतरपुर में संबद्ध किया गया है।

जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया ने ग्राम पंचायत रोजगार सहायक मौराहा मनोज अहिरवार द्वारा पीएम आवास योजना अंतर्गत फॉर्म सत्यापन के एवज में हितग्राहियों से पैसे वसूलने के आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित की है। 2 जनवरी 2026 को समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार में मनोज अहिरवार ग्राम रोजगार सहायक द्वारा आवास फॉर्म के सत्यापन में हितग्राहियों से 1000-1000 की वसूली के सबंध में आरोपित आरोपों की जाच हेतु जांच दल गठित किया गया है। उपरोक्तानुसार जांच दल आरोपों की जांच कर प्रतिवेदन 2 माह में प्रस्तुत करेगा, जांच अवधि में श्री अहिरवार ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत मौराहा को जनपद पंचायत कार्यालय छतरपुर में संलग्न किया गया है, सलग्न अवधि में इन्हें 50 प्रतिशत मानदेय भुगतान देय होगा।

**खबर संक्षेप**

## लीज नवीनीकरण करायें प्रशमन प्रभार व अर्थदण्ड से बचें

**रीवा।** नगर पालिक निगम रीवा में वेष्ठित पूर्व रीवा सुधार न्यास की आवासीय एवं व्यावसायिक योजना नेहरू नगर, इंदिरा नगर, यातायात नगर, शोरूम काम्पलेक्स, तानसेन काम्पलेक्स, अम्बेडकर बाजार, कोठी कम्पाउंड, व्यंकट बाजार, गुढ़ चौराहा, हेडगेवार नगर एवं जयप्रकाश नारायण नगर आदि में जिन हितग्राहियो को 30 सितम्बर 1996 तक भूखंड, भवन, दुकान, हॉल, फ्लैट आदि 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है, उनका लीज अवधि 30 वर्ष पूर्ण होने के 4 माह पूर्व मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अचल सम्पत्ति का अंतरण नियम 2016 एवं संशोधित नियम 2021 के नियम 17 प्रावधान के अन्तर्गत लीज नवीनीकरण कराया जाना अनिवार्य है। नियम में यह भी प्रावधान है कि यदि लीज नवीनीकरण नहीं कराया गया या लीजडीड अनुबंध के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया, तो आवंटन निरस्त कर लीज समाप्त कर दी जावेगी। हितग्राहियों को लीज नवीनीकरण कराने हेतु समय-समय पर समाचार पत्रों के माध्यम से सूचना दी गई है और व्यक्तिगत सूचना भी दी जा रही है। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने अपील की है कि जिन हितग्राहियों ने लीज नवीनीकरण अभी नहीं कराया है, वह तत्काल नगर निगम कार्यालय रीवा में आवेदन प्रस्तुत कर आवश्यक कार्यवाही करावे और प्रशमन प्रभार, शास्ति, आवंटन निरस्तगी, लीज समाप्ति जैसी अप्रिय कार्यवाही से बचें।

## अब तक जिले में 3 लाख 39 हजार टन धान की हुई खरीद, अब तक किसानों को 444.75 करोड़ रुपए का हुआ भुगतान

**रीवा।** जिले में 96 खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। जिले में 2 जनवरी तक 55198 किसानों से 3 लाख 39 हजार 559 टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि अब तक 65043 किसानों ने उपार्जन के लिए स्लॉट बुक किए हैं। कुल खरीदे गए धान में से 2 लाख 39 हजार 472 टन धान का परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण कराया जा चुका है। कुल खरीदी में से 3 लाख 16 हजार 760 टन धान परिवहन के लिए तैयार है। अब तक गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्रों में 95 प्रतिशत तथा समिति स्तरीय खरीदी केन्द्रों में खरीदी गई धान के 88 प्रतिशत के स्वीकृति पत्र जारी किए जा चुके हैं। किसानों को 804 करोड़ 49 लाख का भुगतान मंजूर किया गया है तथा 444 करोड़ 75 लाख रुपए का किसानों के बैंक खाते में भुगतान किया जा चुका है। धान का उपार्जन 20 जनवरी तक किया जाएगा।

# स्कूलें खुलीं, छात्र भी पहुंचे, डाइस कोड हुआ जारी, लेकिन नहीं मिल सके भवन, जिले की 12 स्कूलों के नहीं बदले हालात, नहीं मिली जमीन



**रीवा।** आज के समय में भी सरकारी स्कूलों के पास भवन नहीं है, यह जानकर आपको आश्चर्य होगा। लेकिन ऐसा रीवा जिला में है। 12 स्कूलें ऐसी हैं जिनके पास भवन ही नहीं है। बच्चे किराए के भवनों में बैठकर पढ़ रहे। इन्हें मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही। यह नाम की स्कूलें है। डाइस कोड है, शिक्षक हैं लेकिन भवन नहीं है। शिक्षक खुद की नौकरी बचाने किराए का कमरा लेकर स्कूल चला रहे। सालों से किराया भर रहे। शासन ने सुध नहीं ली। 31 साल गुजर गए। कई शिक्षक रिटायर हो गए। फिर भी व्यवस्थाएं नहीं बदली। सरकार ने हर बच्चे को शिक्षा देने के लिए गांव-गांव में स्कूल खुलवाए और पैसा पानी की तरह बहाया लेकिन हालात यह है कि कई जगहों पर स्कूल खाली हैं। बच्चे नहीं मिल रहे है। कई स्कूल बंद हो गई और विडंबना यह है कि जहाँ शिक्षक है और छात्र भी है। वहाँ सरकार ने भवन नहीं बनवाया है। ऐसा नहीं है कि सरकार ने इन स्कूलों के लिए राशि आवंटित नहीं की। भूमि को उपलब्धता सुनिश्चित नहीं करा पाई। इसके कारण बजट लौटा तो दोबारा नहीं मिला। अब भी स्कूल चल रहीं है लेकिन इनके पास भवन नहीं है। रीवा जिला में कुल 12 स्कूल ऐसी है जो अब तक भवन विहीन है। कुछ स्कूलें 31 वर्षों का आंकड़ा पार कर चुकी हैं। इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही। एक ही कमरे में सारी कक्षाएं संचालित हो रही है। वहीं ऑफिस भी लगता है। और मिड डे मील भी बनता है। अब ऐसी स्कूलों के भविष्य और स्थिति का अंदाजा आप सहज ही लगा सकते हैं।किराए का भी नहीं है प्रावधानजिन जगहों पर स्कूल भवन नहीं यहाँ शिक्षक छात्रों को कहां पढ़ाते है। इसकी सुध लेने वाला भी कोई नहीं है। स्कूल शिक्षा विभाग भी इसमें कुछ नहीं कर सकता। जिला शिक्षा केन्द्र के पास ऐसी स्कूलों को संचालन के लिए किराए की राशि देने का बजट नहीं है और प्रावधान भी नहीं है। भवन विहीन स्कूलों के लिए बजट केन्द्र से आता है। केन्द्र के पास ऐसी स्कूलों का प्रस्ताव भेजा जाता है। जब केन्द्र से बजट स्वीकृत होता है तब राज्य सरकार देती है। हाल ही दो स्कूलों के लिए बजट की स्वीकृक्ति मिल गई है लेकिन भवन कब तक बनेगा। यह भी कहना मुश्किल है।कई सालों से किया जा रहा संचालनरीवा जिला में भवन विहीन स्कूलों की लिस्ट ज्यादा लंबी नहीं है लेकिन जो है उनकी उम्र काफी लंबी है। वर्ष 1996 से संचालित स्कूलों के पास तक भवन नहीं है। अब ऐसे में स्कूलों के पठन पाठन व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है। एक तरफ सरकार पीएम श्री और सीएम राज स्कूल खोल रही है। छात्रों को हाईटिक शिक्षा देने की तैयारी कर रही है। वहीं दूसरी तरफ इन स्कूलों के पास बैठने के लिए कक्ष और खेलने के लिए मैदान तक नहीं है।सालों से यही सिस्टमयहां पदस्थ महिला शिखकों को कहना है कि वर्ष 1998 से यह स्कूल संचालित है। पहले यहां शिक्षकों की संख्या अधिक थी अब सिर्फ दो महिला शिक्षक ही शेष है। सरकार से स्कूल भवन नहीं उपलब्ध कराया गया है। किराए के एक भवन में ही स्कूल चल रही है। सिंगल कमरा है। इस कमरे का किराया भी दोनों महिला शिक्षक मिलकर आधा आधा वहन करती है। वर्षों से यही सिस्टम चल रहा है। स्कूल का नाम तो विभाग के खाते में दर्ज है लेकिन किराया शिक्षकों को भरना पड़ता है।किराए की दुकान में गढ़ रहे भविष्यजानकारी के अनुसार तुलसीनगर प्रायमरी स्कूल एक किराए की दुकान में चल रही हैं। यहां शिक्षक और छात्र भी हैं लेकिन बैठने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। एक ही कमरे में सारा काम होता है। जब अधिक संख्या में छात्र पहुंचते हैं तो उन्हें कमरे से बाहर सड़क पर बैठाने के लिए बाध्य होना पड़ता है। इस स्कूल तक सभी स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी तक पहुंच चुके हैं लेकिन किसी ने स्कूल को दशा सुधारने की पहल नहीं को हालात दिन प्रतिदिन और खराब हो रहे हैं छात्रों को संख्या भवन न होने के कारण घटती जा रही है। आसपास के गरीब छात्रों को शिक्षा से संचित होना पड़ रहा है। कोई भी अपने बच्चों को बिना भवन के इस विद्यालय में भी भेजने को तैयार नहीं होता। अब ऐसे में सरकारी स्कूल की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## भ्रूण लिंग जांच की सूचना देने वाले को मिलेंगे दो लाख रुपए

रीवा

गर्भस्थ शिशु के लिंग निर्धारण परीक्षण पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। शिशु का लिंग निर्धारण परीक्षण करना दण्डनीय अपराध है। भ्रूण लिंग जाँच की सूचना देने वाले को दो लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि मुखबिर पुरस्कार योजना के तहत दी जाएगी। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि भ्रूण लिंग जाँच की सूचना देने वालों का नाम पूरी तरह से गोपनीय रखा जाएगा। उसकी सूचना के आधार पर प्रकरण दर्ज होकर न्यायालय में चालान प्रस्तुत होते ही एक लाख 25 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। इसमें 50 हजार रुपए की राशि सूचना देने वाले को, 25 हजार रुपए की राशि पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट के जिला नोडल अधिकारी को तथा 50 हजार रुपए की राशि अभियोजन अधिकारी को दी जाएगी। न्यायालय में अपराध सिद्ध होने पर 75 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसमें सूचना देने वाले को 30 हजार रुपए, नोडल अधिकारी को 15 हजार रुपए तथा अभियोजन अधिकारी को 30 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मुखबिर प्रोत्साहन योजना के तहत स्टिंग ऑपरेशन करने पर स्टिंग के सफल होने तथा सत्यापन के बाद मुखबिर को 50 हजार रुपए, सहयोगी महिला को 20 हजार रुपए तथा अन्य सहयोगी को 10 हजार रुपए दिए जाएंगे। साथ ही नोडल अधिकारी को 15 हजार रुपए एवं अभियोजन अधिकारी को 30 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। न्यायालय में अपराध सिद्ध होने पर मुखबिर को 30 हजार रुपए, डिकाय महिला को 10 हजार रुपए तथा सहयोगी को 5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। साथ ही जिला नोडल अधिकारी को 10 हजार रुपए एवं अभियोजन अधिकारी को 20 हजार रुपए की राशि दी जाएगी।

## मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना एवं स्टार्टअप के लिए हितग्राही को शासन द्वारा दी जा रही है सहायता

**रीवा।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग अन्तर्गत मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में पात्र हितग्राही को तथा स्टार्टअप के लिए शासन द्वारा सहायता दिये जाने का प्रावधान है। स्टार्टअप नीति के तहत प्रतिमाह 10 हजार रूपये की दर से एक वर्ष तक सहायता दी जाती है। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में बैंक से ऋण प्राप्त करने पर 5 प्रतिशत का ब्याज अनुदान तथा 15 प्रतिशत अधिकतम 15 लाख रूपये तक की सहायता दी जा रही है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जे.पी. तिवारी ने बताया कि उद्योग कार्यालय में सहायक प्रबंधक दीपक मिश्रा मोबाइल नंबर 8889960027 एवं सोनल अग्रवाल सहायक प्रबंधक मोबाइल नंबर 9685944541 को योजना के लिए अधिकृत किया गया है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि आगामी 11 एवं 12 फरवरी को भोपाल में मध्यप्रदेश स्टार्टअप समिट एवं ईको सिस्टम अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में भागीदारी के लिए इच्छुक व्यक्ति स्टार्टअप डॉट एमपी डॉट जीओव्ही डॉट इन पोर्टल पर आवेदन कर पंजीयन करा सकते हैं।

## अनुबंध का पंजीयन नहीं कराने पर निरस्त होगा आवंटन

रीवा

नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व की दुकानें 35 माह के लिए किराए पर आवंटित की जाती है। 35 माह पश्चात 15 प्रतिशत किराए में वृद्धि कर इनका नवीनीकरण कर अनुबंध का पंजीयन कराने का प्रावधान है। समीक्षा बैठक में यह पाया गया कि कई काम्पलेक्स के हितग्राहियों द्वारा नवीनीकरण अनुबंध का पंजीयन नहीं कराया जाता, जिसे निगम आयुक्त डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने गंभीरता से लेते हुए यह निर्देशित किया है कि किराए पर आवंटित दुकानों का अनुबंध नवीनीकरण पंजीयन कराया जाय, क्योंकि पंजीयन नहीं कराने से शासन को स्टाम्प शुल्क की क्षति उठानी पड़ रही है। नगर निगम रीवा द्वारा गोलपार्क बस स्टैण्ड, रेवांचल बस स्टैण्ड, खन्ना टॉकीज के सामने, कलेक्ट्रेट के पीछे, सुरूचि काम्पलेक्स, खन्ना चौराहा, कोर्ट के सामने, गौरव काम्पलेक्स गोरहा सब्जी मण्डी, जानकी पार्क, अपना बाजार, सुपर मार्केट, लक्ष्मी मार्केट, गल्ला मण्डी, रानीगंज, परिणय काम्पलेक्स बिछिया, समृद्धि काम्पलेक्स धोबिया टंकी, मड़वास हाउस, बांसघाट, इंदिरा मार्केट कटरा, सब्जी मण्डी प्रकाश परिसर गंगा वाटिका, गांधी काम्पलेक्स, महामृत्युंजय काम्पलेक्स, यातायात नगर में निर्मित दुकाने किराए पर 35 माह के लिए आवंटित हैं और इनमें से जिन हितग्राहियों ने अनुबंध नवीनीकरण एवं पंजीयन नहीं कराया है, उन्हे पूर्व में भी नोटिस दी गई है तथा वर्तमान में भी इन पर कार्यवाही की जा रही है। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने उक्त हितग्राहियों से अपील की है, उन्हे किराए पर आवंटित दुकानों का अनुबंध का नवीनीकरण एवं उसका पंजीयन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत करें, अन्यथा आवंटन निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी।



## उप मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन मनकामेश्वर मंदिर के कार्यों का किया निरीक्षण

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्माणाधीन मनकामेश्वर मंदिर पहुंचकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने मंदिर में भगवान आशुतोष की पूजा अर्चना की तथा प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की।

# मध्यप्रदेश स्टार्टअप समिट एवं इकोसिस्टम अवार्ड्स 11 और 12 को, मध्यप्रदेश को वैश्विक स्टार्टअप डेस्टीनेशन बनाने की पहल

**रीवा।** मध्यप्रदेश स्टार्टअप समिट एवं इकोसिस्टम अवार्ड्स 2026 का आयोजन 11 और 12 जनवरी 2026 को रवीन्द्र भवन भोपाल में होगा। यह आयोजन प्रदेश में स्टार्टअप एवं नवाचार इकोसिस्टम को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय पहल के रूप में होगा। इस समिट का आयोजन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा किया जा रहा है। इससे राज्य में उद्यमिता, नवाचार एवं समावेशी आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। समिट में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे। इस आयोजन की परिकल्पना मध्यप्रदेश को एक वैश्विक स्टार्टअप गंतव्य के रूप में स्थापित करने के महत्वपूर्ण कदम के रूप में की गई है। समिट का उद्देश्य स्टार्टअप्स, निवेशकों, इनक्यूबेटर्स, उद्योग जगत के लीडर, शैक्षणिक और वित्तीय संस्थानों तथा शासकीय विभागों के लिए एक साझा मंच प्रदान करना है जिससे नवाचार आधारित उद्यमशील विकास को गति दी जा सके। वर्तमान में मध्यप्रदेश में एक सशक्त एवं समावेशी स्टार्टअप इकोसिस्टम विद्यमान है, जिसमें लगभग 6,344 मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स शामिल हैं। इनमें लगभग 3,023 स्टार्टअप्स महिलाओं के नेतृत्व वाले हैं। यह इकोसिस्टम 100 से अधिक इनक्यूबेटर्स के मजबूत संस्थागत ढांचे द्वारा समर्थित है। आयोजन एमपी स्टार्टअप इकोसिस्टम के अंतर्गत प्रमुख उपलब्धियों को प्रस्तुत करेगा, संरचित नीतिगत विमर्श एवं स्टार्टअप–निवेशक संवाद को सक्षम बनाएगा तथा एमपी स्टार्टअप इकोसिस्टम अवार्ड्स 2026 के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित करेगा। उद्घाटन सत्र के दौरान स्टार्टअप सक्सेस स्टोरीज़ कंपेंडियम का विमोचन भी किया जाएगा, जिसमें राज्य के उल्लेखनीय स्टार्टअप्स की सफल कहानियाँ सम्मिलित होंगी और यह भावी उद्यमियों के लिए प्रेरणास्रोत के रूप में कार्य करेगा। एमपी स्टार्टअप समिट 2026 के दो दिवसीय आयोजन के रूप में नियोजित किया गया है, ताकि सभी इकोसिस्टम हितधारकों की सार्थक एवं परिणामोन्मुखी भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। पहला दिन 11 जनवरी 2026 को इकोसिस्टम सुदृढ़ीकरण एवं प्रारंभिक चरण के निवेश संवाद पर केंद्रित होगा। इसमें इनक्यूबेटर सस्टेनेबिलिटी पर मास्टरक्लास, एग्री एफपीओ को स्टार्टअप के रूप में विकसित करने पर विषयगत चर्चा, स्टार्टअप पिचिंग का क्वालिफायर राउंड तथा निवेशकों एवं इकोसिस्टम लीडर्स के साथ क्लोज्ड-डोर नेटवर्किंग डिनर होगा। दूसरा दिन 12 जनवरी 2026 को रणनीतिक सहभागिता, मान्यता एवं सेक्टर-विशिष्ट ज्ञान साझा करने पर केंद्रित रहेगा। इसमें स्टार्टअप पिचिंग के फाइनल राउंड, मुख्यमंत्री, डॉ. यादव द्वारा उद्घाटन एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ, स्टार्टअप सक्सेस स्टोरीज़ कंपेंडियम का विमोचन, एमपी स्टार्टअप इकोसिस्टम अवाड्र्स-2026 का वितरण तथा प्राथमिकता वाले विषयों पर सेक्टर-विशिष्ट सत्र शामिल होंगे। एमएसएमई मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप राज्य में स्टार्टअप विकास हेतु नीतिगत पहलों एवं भविष्य की रूपरेखा को प्रस्तुत करेंगे। एमपी स्टार्टअप इकोसिस्टम अवाड्र्स 2026, समिट की एक प्रमुख गतिविधि होगी। छह स्टार्टअप श्रेणियों श्रेष्ठ महिला उद्यमी, श्रेष्ठ युवा उद्यमी, सर्वाधिक नवोन्मेषी स्टार्टअप, श्रेष्ठ प्रारंभिक चरण स्टार्टअप, श्रेष्ठ ग्रोथ-स्टेज स्टार्टअप और प्राथमिकता क्षेत्रों में श्रेष्ठ स्टार्टअप के अंतर्गत नामांकन प्राप्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त इनक्यूबेटर्स जैसे प्रमुख इकोसिस्टम योगदानकर्ताओं को भी सम्मानित किया जाएगा। उद्योग जगत के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों, वेंचर कैपिटलिस्ट्स एवं वरिष्ठ इकोसिस्टम प्रतिनिधियों से युक्त एक जूरी का गठन किया गया है, जो पारदर्शी मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से आवेदनों का आकलन कर पुरस्कार विजेताओं की संस्तुति करेगी। इस समिट में लगभग 3 हजार प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है, जिनमें स्टार्टअप फाउंडर्स, निवेशक, इनक्यूबेटर्स, एक्सेलेरेटर्स, बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थान, शैक्षणिक प्रतिनिधि, छात्र, शासकीय अधिकारी एवं उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। प्रदर्शनी में 60 से अधिक स्टॉल्स लगेंगे, जिसमें स्टार्टअप्स के साथ इनक्यूबेटर्स, फंड्स एवं बैंक, एक जिला एक उत्पाद पहल तथा शासकीय विभागों के लिए स्टॉल्स आरक्षित किए जाएंगे। यह प्रदर्शनी स्टार्टअप्स को अपने नवाचार प्रदर्शित करने, निवेशकों से जुड़ने और नीति निर्माताओं एवं उद्योग हितधारकों के साथ संवाद स्थापित करने का अवसर प्रदान करेगी। मध्यप्रदेश स्टार्टअप समिट 2026 को मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व एवं एमएसएमई मंत्री के नीतिगत मार्गदर्शन के अनुरूप एक रणनीतिक एवं उच्च प्रभाव वाली पहल के रूप में परिकल्पित किया गया है, जिसका उद्देश्य मध्यप्रदेश को एक उभरते हुए स्टार्टअप एवं नवाचार केंद्र के रूप में सशक्त करना है। यह समिट इकोसिस्टम सहयोग को गहराई प्रदान करेगा, निवेश को प्रोत्साहित करेगा और राज्य में सतत उद्यमशील विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## वृद्धाश्रम में निवासरत स्वर्गीय रामकरण गुप्ता का पार्थिव शरीर मेडिकल कॉलेज को सौंपा गया



**रीवा।** वृद्धाश्रम में निवासरत स्वर्गीय रामकरण गुप्ता के पार्थिव शरीर को मेडिकल कॉलेज को सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि श्री गुप्ता का 2 जनवरी को सुबह निधन हो गया था। उनके पार्थिव देह को रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी ने श्यामशाह मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. सुनील अग्रवाल को सौंपा। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा दधीचि सम्मान के तौर स्वर्गीय गुप्ता को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। गुप्ता गत 12 वर्षों से रेडक्रास सोसायटी द्वारा संचालित पितामह सदन वृद्धाश्रम में निवासरत रहे। पार्थिव देह को सौंपे जाने के समय सचिव राजेन्द्र पाण्डेय सहित अर्जुन सिंह परमार, डॉ. सुशील त्रिपाठी, डॉ. अजीत सिंह, पीयूष मिश्रा, डॉ. रघुवेन्द्र सिंह, दीपक गुप्ता, विनोद गुप्ता एवं मेडिकल कालेज के विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## अपर कलेक्टर ने कई खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

**रीवा।** जिले भर में 96 खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। राजस्व तथा अन्य विभाग के अधिकारियों द्वारा खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इस क्रम में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने खरीदी केन्द्र बरहुला, रिमारी, जवा तथा खरीदी केन्द्र लूक कोनी का निरीक्षण किया। अपर कलेक्टर ने कहा कि उपार्जित धान का व्यवस्थित भण्डारण कराएं। खरीदी केन्द्र प्रभारी धान का परिवहन कराकर गोदामों में पहुंचाएं। गोदामों में धान पहुंचने के बाद ही स्वीकृति पत्र जारी होता है, जिसके बाद किसानों को भुगतान किया जाता है। परिवहन में देरी से किसानों को भुगतान में देरी होगी। अपर कलेक्टर ने किसानों से संवाद करके खरीदी केन्द्र में की गई व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के समय नायब तहसीलदार निवेदिता त्रिपाठी तथा खरीदी से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## तेंदुए का खौफ बरकार, अब बच्चों ने देखने का किया दावा, बिछिया थाना क्षेत्र में करीब एक सप्ताह से वन विभाग की टीम कर रही सर्चिंग

रीवा।

शहर के बिछिया थाना क्षेत्र में जंगली जानवर तेंदुए की मूवमेंट से शहरवासी डरे हुए है। शहर के अलग-अलग मोहल्ले में एक ओर जहां लोग तेंदुआ देखे जाने की पुष्टि कर रहे हैं तो वहीं वन विमाग को अब तक तेंदुए के पदचिन्ह तक नहीं मिले है, वहीं बिछिया पुलिस भी इसकी पुष्टि नहीं कर रही।



चर्चा है कि कल रात एक बार फिर शहर के ही बिछिया नदी से सटे इलाकों में दो गायों को तेंदुए ने अपना शिकार बनाया है। इसके साथ ही बिछिया मोहल्ले में स्थित हरि ओम मैरिज गार्डन के सामने खेल रहे छोटे-छोटे बच्चों ने भी तेंदुए को पेड़ पर चढ़ते हुए देखने का दावा किया है। हालांकि जागरण इस बात की पुष्टि नहीं करता। गौरतलब है कि पूर्व में वार्ड 43 में तेंदुआ होने की घटना सोशल मीडिया में वायरल हुई थी इसके बाद अलग-अलग मोहल्ले में तेंदुआ देखे जाने की बात कही जा रही है। हालांकि वन विभाग द्वारा अब तक तेंदुए के होने की पुष्टि नहीं की गई है और ना ही वन विभाग को तेंदुए के होने के साक्ष्य मिले है।स्थानीय लोगों की माने तो बुधवार की शाम दिन ढलते ही चोपड़ा स्कूल के समीप एक घर की बाउंड्री के भीतर बंधी गाय को तेंदुए ने अपना शिकार बनाया है, वही बिछिया नदी के किनारे एक और गाय भी जंगली जानवर का शिकार हुई है। गुरुवार दोपहर बिछिया स्थित हरि ओम मैरिज गार्डन के समीप खेल रहे छोटे-छोटे बच्चों ने पेड़ के ऊपर तेंदुआ देखे जाने की पुष्टि की है। बहरहाल वन विभाग का अमला लगातार सूचना के बाद अपनी नजर बनाए हुए है लेकिन अब तक तेंदुआ मिलने की पुष्टि नहीं हो सकी है।

# मऊगंज विधायक ने हनुमना वाटिका का किया लोकार्पण



**मऊगंज।** जिले के नगर परिषद हनुमना द्वारा निर्मित नगर का पहला पार्क हनुमना वाटिका का लोकार्पण विधायक प्रदीप पटेल के मुख्य आतिथ्य तथा भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा के विशिष्ट आतिथ्य एवं नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता की अध्यक्षता में मां सरस्वती के पूजन माल्यार्पण और दीप प्रज्वल्लन के साथ फीता काटकर किया गया। उल्लेखनीय है कि 23 लाख रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 6 में नगर परिषद द्वारा निर्मित कराए गए हनुमान वाटिका का लोकार्पण करते हुए विधायक प्रदीप पटेल ने क्षेत्र के 10 वर्षों की विकास की कार्य योजना को भी सबके सामने रखते हुए कहा कि इस पार्क को और भी सुसज्जित करने तथा इसमें खुलने और बंद होने टाइमिंग निर्धारित करने का ध्यान रखना होगा अभी और भी पार्कों के निर्माण की आवश्यकता है विधायक पटेल ने क्षेत्र के विकास के 10 वर्षों की कार्य योजना बताते हुए कहा कि तकरीबन 2.75 एकड़ भूभाग में अकेले हनुमना में ट्रांसपोर्ट नगर विकसित करने का प्लान है आगामी 10 वर्षों में नगर की आबादी एक लाख हो जाएगी और हनुमना खटखरी से जुड़ जाएगा और खटखरी के बाद नेशनल हाईवे से जुड़ा हुआ मऊगंज तक की एरिया मिलकर एक बड़े कॉरिडोर के रूप में विकसित हो जाएगा उन्होंने मऊगंज को स्मार्ट सिटी बनाने के प्रस्ताव की बात कहीं। अध्यक्षीय उद्बोधन में नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता ने अपने कार्यकाल में किए गए विभिन्न कार्यों के उल्लेख के साथ ही आगामी नगर विकास की विभिन्न प्रस्तावित योजनाओं का उल्लेख करते हुए आने वाली विभिन्न समस्याओं का भी उल्लेख करते हुए उनके निदान की बात अतिथियों के सामने रखी विशिष्ट अतिथि डॉक्टर राजेंद्र मिश्रा ने कहा नगर परिषद अध्यक्ष के द्वारा अपने भाषण में नवनिर्मित पार्क तथा वार्ड क्रमांक 2 में तालाब के सौंदरीकरण के 100 करोड़ के प्रपोजल अध्यक्ष तथा मिनी बस स्टैंड अंतर्राज्यीय बस स्टैंड आदि योजनाओं सहित नगर की विकास यात्रा का पूरा स्ट्रक्चर प्रस्तुत किए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस प्रकार से उनके मन में नगर के विकास का संकल्प है तो मैं आव्हान करता हूं कि आप हनुमना को मऊगंज और रीवा जिले का नंबर वन नगर बनाना चाहते हैं तो पैसे की कमी किसी भी सूरत में नहीं आने पाएगी अगर आप 200000 मांगेंगे तो हमारे विधायक प्रदीप पटेल जी आपको चार लाख रुपए देंगे यह मैं संगठन का मुखिया होने के नाते आपको पूरी ईमानदारी व विश्वास के साथ वचन देता हूं डॉ मिश्रा ने वार्ड क्रमांक 2 में प्रस्तावित तालाब के सौंदर्य करण का उल्लेख करते हुए कहा कि यह तालाब ऐसा बनना चाहिए कि रीवा का रानी तालाब इसकी खूबसूरती की आगे गौड़ हो जाए।। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रमेश जायसवाल ने ऐसे बुजुर्गों की पीड़ा का उल्लेख किया जिनमें आवश्यकता होते हुए भी गरीबी रेखा का कार्ड न होने से वृद्धा पेंशन नहीं मिल रहा है विधायक का ध्यान आकर्षित कराया विधायक ने इसे संज्ञान में लेकर जरूरतमंदों को अवश्य गरीबी रेखा का कार्ड बनाने एवं अपात्रों के बने गरीबी रेखा राशन कार्ड को निरस्त करने की बात कहीं। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि हनुमना नगर में यह पहला ऐसा स्थान है जो वृद्धो के लिए सुकून देने वाला युवाओं वह बालको के लिए मनोरंजन तथा प्रत्येक नागरिक के लिए सुकून देने वाला यह पार्क होगा। उन्होंने कहा कि इस पार्क के माध्यम से पार्कों के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ है नगर में अन्य वार्डों में भी इस प्रकार के पार्कों का निर्माण होना चाहिए। कार्यक्रम को समाजसेवी विजयपाल सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार से ठेकेदार लापरवाही करते हैं निर्माण कार्य में उसे विकास भी प्रभावित होता है उन्होंने नाम के आगे उर्फ़ शब्द की जगह उपाख्य शब्द का प्रयोग करने का आह्वान करते हुए कहा कि हम हमारी राष्ट्रभाषा हिंदी को पूर्ण सम्मान तभी मिल सकेगा। कार्यक्रम को बार्ड क्रमांक7 पार्षद प्रतिनिधि संतोष कोल ने संबोधित करते हुए अंतर राज्य बस स्टैंड के निर्माण में आने वाली विभिन्न समस्याओं किया आभार प्रदर्शन मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरुण त्यागी ने करते हुए आगामी कार्य योजना के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संचालक डॉक्टर रवि प्रताप द्विवेदी की उपस्थित विशेष उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता शिवदत्त मिश्र ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद की उपाध्यक्ष शरद गुप्ता पार्षद रजनीश उपाध्याय राजू कोल नवनीत गुप्ता अखिलेश गुप्ता वार्ड क्रमांक 7 की पार्षद श्रीमती निर्मला कोल पत्रकार संपति दासगुप्त आनंद मिश्रा प्रमोद वर्मा राजेश गुप्ता तारकेश्वर गुप्ता रितेश केसरी, डॉ शंकर लाल यादव सुमित गुप्ता अभय विशाल गुप्ता केडी शुक्ला पन्नालाल शुक्ला कृष्ण मुरारी गुप्ता राम कैलाश मिश्रा केपी मिश्रा, अग्रसेन तिवारी पवन पाल सिंघम आदि की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही।

# पन्नी ग्राम पंचायत उपचुनाव में महेंद्र मिश्रा ने 322 मतों से दर्ज की विजय

मऊगंज



जिले के जनपद पंचायत मऊगंज के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पन्नी में सरपंच पद के लिए हुए उपचुनाव में महेंद्र मिश्रा ने बड़ी जीत हासिल की है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी रामाश्रय मिश्रा को 322 मतों के अंतर से पराजित करते हुए सरपंच पद पर कब्जा जमाया।उपचुनाव के घोषित आधिकारिक परिणामों के अनुसार महेंद्र मिश्रा को कुल 855 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंदी रामाश्रय मिश्रा को 533 मतों से संतोष करना पड़ा। मतगणना पूरी होते ही समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई और गांव में जश्न का माहौल देखने को मिला। इस उपचुनाव में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। महेंद्र मिश्रा की जीत को स्थानीय जनता के विश्वास और समर्थन के रूप में देखा जा रहा है। चुनाव परिणाम सामने आने के बाद महेंद्र मिश्रा ने ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पंचायत के विकास, पारदर्शिता और जनकल्याण के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।स्थानीय लोगों का कहना है कि नये सरपंच के नेतृत्व में गांव में विकास कार्यों को गति मिलेगी और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा। उपचुनाव के शांतिपूर्ण संपन्न होने पर प्रशासन और चुनाव कर्मियों की भी सराहना की जा रही है।